an>

Title: Need to upgrade railway stations at Ekma and Maharajganj in Bihar as model railway stations.

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) ः मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र महाराजगंज, बिहार में पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर के दो प्रमुख रेलवे स्टेशन एकमा एवं महाराजगंज स्थित है। इन स्टेशनों से प्रतिदिन हजारों यात्रियों का आवागमन होता है। विदित हो कि ये दोनों स्थान बिहार राज्य के सारण प्रमंडल के प्रमुख व्यावसायिक केंद्र भी हैं, जहाँ पर राज्य के दूर-दराज के हिस्सों से भारी संख्या में व्यापारीगण अपने व्यावसायिक कार्य करने के लिए प्रतिदिन आते-जाते हैं। ये दोनों स्थान स्थानीय पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं। जिस कारण यहाँ पर बहुतायत संख्या में पर्यटक भी भ्रमण करने के लिए आते रहते हैं। ऐसे में इन दोनों रेलवे स्टेशनों पर रेल यात्रियों को हर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने की जरूरत है। इसलिए यात्रियों को अधिक-से-अधिक सुविधा उपलब्ध कराने हेतु इन दोनों रेलवे स्टेशनों को आदर्श रेलवे स्टेशन बनाना आवश्यक है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र एकमा एवं महाराजगंज रेलवे स्टेशनों को आदर्श रेलवे स्टेशन बनाया जाए।